संख्याः–3429 /33–पी0एम0यू0/2012

प्रेषक,

बी0एम0 मीना,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद–गोरखपुर, कुशीनगर, आजमगढ, अम्बेडकर नगर, बाराबंकी, चन्दौली, बहराईच, बलरामपुर, श्रावस्ती, महोबा, सोनभद्र, बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, ललितपुर, चित्रकूट, बांदा, हमीपुर, मिर्जापुर, गोण्डा, एटा/कांशीरामनगर, फतेहपुर, रायबरेली / छत्रपतिशाहूजी महाराजनगर, प्रतापगढ़, बदायूं, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, फर्रूखाबाद, महराजगंज, जौनपुर, लखीमपुर खीरी, कौशाम्बी, जालौन।

पी0एम0यू0, (बी0आर0जी0एफ0) पंचायतीराज विभाग लखनऊ : दिनांक 15 जून, 2012

विषयः– बी0आर0जी0एफ0 योजनान्तर्गत वर्ष 2012–13 के लिये अनुमन्य धनराशि के सापेक्ष जिला योजना तैयार किये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अधोहस्ताक्षरी के पत्र सं0 3417/ 33–पी0एम0यू0 /2012 दिनांक 07.06.2012 का सन्दर्भ लेने का कष्ट करें जिसके द्वारा पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2012–13 के लिये अनुमन्य धनराशि के सापेक्ष जिला योजना तैयार करने हेतु दिशा निर्देश निर्गत किये गये हैं। इन निर्देशों में यह स्पष्ट किया गया है कि पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजना का मुख्य उद्देश्य क्रिटिकल गैप्स को पूरा करना है। अतः योजना में ऐसे प्रस्ताव को ही सम्मिलित किया जाये जिसके लिये अन्य किसी योजना से धनराशि नही मिल रही हो, और जो बड़े समूह हित के लिये उपादेय हों। उदाहरण के लिये ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण, सामुदायिक शौचालय काम्प्लेक्स का निर्माण, मिनी वाटर सप्लाई योजना आदि। इसी पत्र में इस बात का भी उल्लेख है कि क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत स्तर पर ऐसी योजनाओं को लिया जा सकता है जिनका लाभ दो या दो से अधिक ग्राम पंचायतों को अथवा जनपद की सम्पूर्ण ग्रामीण जनता को प्राप्त हो सके।

उक्त के तारतम्य में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि जनपद में 250 से 500 तक की आबादी के बसावटों को सम्पर्क मार्ग से जोड़ने हेतु जिला योजना बनाते समय, बी0आर0जी0एफ0 योजनान्तर्गत अनुमन्य धनराशि को उच्च प्राथमिकता दी जाय। अन्तिम निर्णय जिला योजना समिति द्वारा ही किया जायेगा।

कृपया उक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(बी0एम0मीना)
प्रमुख सचिव।

GEN I

ख्या:– 3429 /33–पी0एम0यू0/2012

प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अध्यक्ष जिला पंचायत, बी0आर0जी0एफ0 जनपद।
2. प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग,उ0प्र0 शासन।
5. आयुक्त ग्राम्य विकास, उ0प्र0 लखनऊ।
6. निदेशक पंचायतीराज, उ0प्र0 लखनऊ।
7. समस्त मण्डलायुक्त, सम्बन्धित बी0आर0जी0एफ0 मण्डल।
8. समस्त उप निदेशक (पंचायत) सम्बन्धित बी0आर0जी0एफ0 मण्डल।
9. मुख्य विकास अधिकारी बी0आर0जी0एफ0 जनपद।
10. अपर मुख्य अधिकारी/नोडल अधिकारी बी0आर0जी0एफ0 जनपद।
11. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(मुरलीधर दुबे)
विशेष सचिव/परियोजना निदेशक